सहायक लेखाकार / वरिष्ठ सम्प्रेक्षक (आबकारी विभाग)
मुख्य परीक्षा – 2014.

No. of Printed Pages : 4

**EDE-02**

**2014**

# सामान्य हिन्दी तथा निबन्ध

# GENERAL HINDI & ESSAY

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

**नोट :** *(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***प्रत्येक*** *प्रश्न के अंक उसके अन्त में इंगित हैं ।*

*(iii)* ***एक*** *प्रश्न के* ***सभी*** *भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाए ।*

*(iv) पत्र लेखन में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो, तो क्ष, त्र, ज्ञ (X, Y ,Z) लिख सकते हैं ।*

**Notes :** *(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii) Marks carried by* ***each*** *question are indicated at it's end.*

*(iii)* ***All*** *sections of a question must necessarily be answered together.*

*(iv) Do not write your name, address and roll number in letter writing. If it is necessary, write क्ष, त्र, ज्ञ (X, Y, Z).*

1. अपने मूल में धर्म संस्कृति से अलग है भी नहीं । इसे उलट कर भी कह सकते हैं, क्योंकि धर्म शब्द बहुत प्राचीन है । उसके मुकाबले में संस्कृति शब्द अर्वाचीन है । जब धर्म का रूप व्यापक था, वह संगठित नहीं हुआ था, अर्थात् सम्प्रदाय नहीं बना था बल्कि एक जीवन पद्धति का परिचायक था, तब मानव जीवन का अर्थ देने वाले मूल्यों को **'संस्कृति'** जैसा नाम अलग से देने की आवश्यकता ही नहीं थी और यह आवश्यकता अचानक किसी एक दिन ही पैदा हो गई हो, ऐसा भी नहीं लगता । धर्म जब सिमटते-सिमटते खण्डों में बँटने लगा; लोक से अधिक परलोक में उसकी व्याप्ति होने लगी; मनुष्य उससे घुटने लगा और परमात्मा अर्थात् परम सत्ता के प्रति उसका अतिरिक्त लगाव बढ़ता लगने लगा तो यह संस्कृति शब्द अस्तित्व में आया ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 2

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए । 2

(ग) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । 6

2. निम्नलिखित पत्र का सारणीय रूप (Tabular Form) में सार लिखिए :- 5

लोक शिक्षा मंत्रालय,

उत्तराखण्ड शासन,

देहरादून

पत्र क्रमांक 375 / प्रशासन / 2014 दिनांक : 27 मार्च 2014

विषय : हरिद्वार जिले में लोक शिक्षा की व्यवस्था एवं नियोजन ।

प्रति,

जिलाधीश

हरिद्वार

प्रिय महोदय,

मुझे उत्तराखण्ड सरकार की ओर से आपको यह सूचित करने का निदेश मिला है कि हरिद्वार जिले में लोक शिक्षा की वर्तमान व्यवस्था का ठीक-ठीक जायजा आपकी ओर से शासन को प्राप्त हो । वर्तमान व्यवस्था का तथ्यात्मक प्रतिवेदन भेजने के पूर्व आपके लिए यह देखना आवश्यक है कि जिलान्तर्गत किस विकासखण्ड में किस स्तर वर्ग के कितने विद्यालय संचालित हैं और विकासखण्ड की जनसंख्या के अनुपात में कितने शिशु शाला प्रवेशी हैं और कितनों ने शालाओं में प्रवेश नहीं लिया है ।

आप जानते ही हैं कि हमारे यहाँ अभिभावकों के अज्ञान, गरीबी, संसाधनों के अभाव और आवासीय इलाके से शालाओं की भौगोलिक दूरी आदि कारणों से बड़ी संख्या में बच्चे शाला प्रवेशी नहीं हो पाते और इसीलिए अशिक्षितों का एक बड़ा समूह तैयार होता जाता है । अशिक्षा के चलते जीवन में तमाम तरह की विसंगतियाँ तथा समाज और देश के विकास में गतिरोध आता है । इसलिए आपके निर्धारित दायित्वों में लोक शिक्षा की व्यवस्था के दायित्व को प्राथमिकता देनी जरूरी है । इस लिहाज से शालाओं के भवनों की स्थिति, उनमें खेल-कूद के स्थान, मनोरंजन के संसाधन, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था का निरीक्षण भी जरूरी है ।

यह ठीक है कि शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की कमी है, जिसे राज्य शासन निकट भविष्य में समाधान की दिशा में पहल करने जा रहा है, किन्तु तब तक ऐसी शालाओं में विकासखण्ड स्तर पर शिक्षकों की संविदा नियुक्ति नियमानुसार पारदर्शी प्रक्रिया से सुनिश्चित की जाए । यह कार्य अधिकतम एक महीने की अवधि में पूरा किया जाना जरूरी है । जिले के शीर्ष अधिकारी से शाला के प्रधानाचार्य का सीधा सम्पर्क बना रहे, ताकि उनके कार्य संचालन में आने वाली मुश्किलों का त्वरित समाधान किया जा सके । ऐसा उपाय किया जाना भी अनिवार्य है ।

इस सम्बन्ध में जो भी कार्रवाई आपके द्वारा की जाए कृपया, उसका विस्तृत प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकारी को व्यक्तिगत नाम से भेजना सुनिश्चित करें ।

भवदीय

क.ख.ग

सचिव

3. (क) जिलाधीश की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक को एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए, जिसमें जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आग्रह किया गया हो । **5**

(ख) 'प्रतिवेदन' क्या है ? इसे स्पष्ट करते हुए उसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए । **5**

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए : **5**

(i) Ballot
(ii) Calendar
(iii) Embassy
(iv) Mechanic
(v) Cabinet

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए : **5**

(i) आवंटन
(ii) परिशिष्ट
(iii) गणक
(iv) विकेन्द्रीकरण
(v) पदेन

5. निम्नलिखित वाक्यों एवं वर्तनी को शुद्ध कीजिए : **5**

(i) कविवर को मानपत्र प्रदान किया गया ।
(ii) बदमाश पुलिस को चकमा देकर भाग गए ।
(iii) इस समय उसकी आयु बीस वर्ष है ।
(iv) मेरे को यह बात अच्छी नहीं लगी ।
(v) हमें हमारे समस्त अंगों का पोषण करना चाहिए ।

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : **5**

(i) जिस पर कोई अंकुश न हो ।
(ii) जिसे किसी बात की अपेक्षा नहीं ।
(iii) तीनों लोकों में बहने वाली ।
(iv) बारीकी से पराया दोष ढूँढने वाला ।
(v) जल्दी प्रसन्न होने वाला ।

7. निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए :- **5**

(i) अचानक
(ii) अद्‌भुत
(iii) गरमी
(iv) कान
(v) काला

8. निम्नलिखित शीर्षकों में से किसी **एक** पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लगभग **600 (छह सौ)** शब्दों का निबन्ध लिखिए : **50**

Write an essay in Hindi or English on any **one** of the topics given below. Word-limit of essay is about **600** words :-

(i) सार्क देशों में आतंकी विस्फोट

Explosion of terrorism in SAARC countries

(ii) भारत में जनतंत्र का भविष्य

Future of Democracy in India

(iii) मेरा राष्ट्र नायक

My National Hero.

(iv) वैश्वीकरण बनाम क्षेत्रीयता

Globalisation Vs regionalism

(v) ग्रामीण विकास की दशा और दिशा

Rural Development : Current scenario and Future Prospects

---